
दुर्घटना — मौके पर मौजूद लोगों में मचा हड़कंप, चिल्हारी बस स्टैंड के पास हुआ हादसा

# दूध लेकर घर जा रहे मासूम को हाईवा ने रौंदा, मौत




**नवभारत चिल्हारी 2 सितंबर।** हरछठ के उपवास के लिए दही-दूध लेकर घर लौट रहे 12 वर्षीय मासूम मनजीत को क्या पता था कि यह उसका आखिरी सफर होगा। बुधवार सुबह करीब 7 बजे चिल्हारी बस स्टैंड पर रेत से भरे हाईवा की चपेट में आने से मासूम की दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के बाद सड़क खून से लथपथ हो गई और मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि मनजीत कोल, निवासी चिल्हारी, साईकिल से दूध लेने बस स्टैंड आया था। दूध लेकर वह वापस अपने घर और वहां से अमलियाई हार स्थित अपने खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान रेत से भरे हाईवा क्रमांक एमपी19 एचए 7552 की चपेट में आ गया।

### मनजीत के सिर में आयी थी गंभीर चोट

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मनजीत के सिर में गंभीर चोट आई और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। कुछ देर पहले तक जिस मासूम के हाथ में उपवास के लिए दूध था और जो अपनी साईकिल पर घर लौट रहा था, हादसे के बाद उसकी जिंदगी सड़क पर ही थम गई।

**बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे**

घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मासूम की मौत का दृश्य देखकर हर किसी का कलेजा कांप उठा। सूचना मिलते ही अमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह दल वल सहित घटनास्थल पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने हादसे में शामिल हाईवा को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा**

लाश को पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही भेजा गया। पीएम के बाद शव को अन्तिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा गया। प्रकरण की विवेचना एएसआई गोपाल सिंह द्वारा की जा रही है।

# व्रत रख माताओं ने की पुत्रों के दीर्घायु की कामना



### आस्था और विश्वास के साथ मनाया गया हलछठ पर्व

**अमरपुर नवभारत 2 सितंबर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर सहित आसपास के सभी गांवों में हलछठ का पर्व बुधवार को आस्था और विश्वास के साथ मनाया गया। अनेक स्थानों पर माताओं ने सामूहिक रूप से षष्ठी मैया का विधि विधान से पूजन कर महुआ का प्रसाद चढ़ाया और पुत्र की लंबी आयु के लिए व्रत रखा गया।

**बलराम को शेषनाग का अवतार माना जाता हैं–**भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म भादो मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को हुआ था। इसलिए इस दिन को बलराम जयंती भी कहा जाता हैं। बलराम को बलदेव, बलभद्र और बलदाऊ के नाम से भी जाना जाता हैं। बलराम को शेषनाग का अवतार माना जाता हैं। बलराम को हल और मूसल से खास प्रेम था। यही उनके प्रमुख अस्त्र भी थे। इसलिए इस दिन किसान हल मूसल और बैल की पूजा करते हैं। इसे किसानों का त्यौहार के रूप में भी देखा जाता हैं।

**पड़े वाली भैंस के दूध का है महत्व–**अपने पुत्रों की लंबी आयु के लिए माताएं इस दिन व्रत रखती हैं। वह अनाज का सेवन नहीं करती हैं। इसलिए व्रत रखने वाली माताएं महुआ के दातुन करती हैं। साथ ही तालाब में उगे अनाज पसही के चावल खाकर व्रत रखा जाता हैं। गाय का दूध और दही का इस्तेमाल भी इस व्रत में वर्जित होता हैं। इसमें पड़े वाली भैंस का दूध, दही और घी का प्रयोग किया जाता हैं। इस व्रत की पूजा हेतु भैंस के गोबर से पूजा घर के दीवार पर हरछठ माता का चित्र बनाया जाता हैं। श्री गणेश और माता गौरा की पूजा की जाती हैं। पूजा स्थल पर माताएं बेरी, पलाश और कुश के पेड़ लगती हैं। अंत में आपस में एक दूसरे को प्रसाद वितरण करते हैं।

**इस व्रत का विशेष महत्व पुत्रों के लिए होता हैं : अनिता–**व्रती अनिता धनंजय ने बताया कि इस व्रत का विशेष महत्व पुत्रों के लिए होता हैं। साथ ही घर परिवार में सुख-शांति व संपदा बनी रहे। इसके लिए भी इस व्रत को किया जाता हैं। ऐसी भी मान्यता हैं कि जिन माता के पुत्र नहीं होते वे भी इस व्रत को विधि विधान से करती हैं तो उन्हें पुत्ररत्न की प्राप्ति अवश्य होती हैं।

# 86 वनग्रामों में लगे जनसमस्या निवारण शिविर

### समस्याओं के साथ शासन की योजनाओं के मामले में त्वरित कार्रवाई



**डिंडौरी नवभारत 2 सितंबर।** वनमण्डल डिंडौरी (सामान्य) अंतर्गत 86 वनग्रामों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 31 अगस्त से 02 सितंबर तक आयोजित इन शिविरों में वनग्रामों में निवासरत ग्रामीणों की समस्याओं एवं आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार एवं वन मण्डलाधिकारी डिंडौरी अशोक कुमार सोलंकी के मार्गदर्शन में शिविरों के माध्यम से वनाधिकार अधिनियम के तहत वितरित वनाधिकार पत्रधारकों के फौती नामांतरण के लिए विशेष पहल की गई है। अभियान के दौरान अब तक 221 नवीन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। वनमण्डल अंतर्गत अब तक कुल 1136 फौती नामांतरण किए जा चुके हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों की अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन भी प्राप्त कर वन अमले एवं राजस्व अमले द्वारा उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्रामीणों को उनके गांव में ही शासकीय सेवाओं एवं समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वनग्रामों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन आगे भी जारी रहेगा।

# हाथी ने फसल को पहुंचाया भारी नुकसान

### किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा



**मानपुर, उमरिया, नवभारत।** हाथी के उत्पात से कई किसानों की खड़ी धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। बीती रात करीब 9 बजे पनपथा क्षेत्र के मंझौली गांव में पहुंचे हाथी ने किसान रामचरण सिंह के खेत को रौंदकर फसल नष्ट कर दी। इसके बाद रात करीब 11 बजे हाथी मंझौली से सटे पनपथा गांव पहुंचा। यहां भी उसने किसानों के खेतों में फसल को नुकसान पहुंचाया। बताया जाता है कि इस दौरान हाथी ने पनपथा निवासी कन्हैया महोबिया, रामकिशोर सिंह और अर्जुन सिंह की खड़ी धान की फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। ये सभी किसानों के खेत लगभग सटे थे। हाथी के लगातार विचरण और उत्पात से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## संतान की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर बांस की चुनकी का पूजन कर की खुशहाली की कामना



**शहपुरा नवभारत 2 सितंबर।** संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-शांति की कामना को लेकर बुधवार को शहपुरा क्षेत्र में हरछठ पर्व श्रद्धा और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। माताओं ने दिनभर व्रत रखकर विधि-विधान से पूजन किया और अपनी संतानों के मंगलमय जीवन की कामना की। हरछठ पर्व भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। इसे हलछठ, हलषष्ठी और ललही छठ के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम को समर्पित है। पर्व पर महिलाओं ने पूजन स्थल पर बांस की चुनकी सहित पारंपरिक पूजन सामग्री स्थापित कर महिलाओं ने भगवान बलराम और हरछठ माता का स्मरण करते हुए संतान की रक्षा और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

**हल से जुड़ी चीजों का विशेष महत्व–** हलषष्ठी पर्व की पूजा में हल और कृषि से जुड़ी परंपराओं का विशेष महत्व है। मान्यता के अनुसार व्रत रखने वाली महिलाएं इस दिन केवल पसई के चावल और केर्मुआ जैसे व्यंजनों का सेवन किया जाता है। दही, चावल और महुआ आदि का भी पूजन में महत्व माना जाता है। हरछठ केवल धार्मिक व्रत ही नहीं, बल्कि मातृत्व की ममता और लोक संस्कृति से जुड़ा पर्व भी है। शहपुरा क्षेत्र में महिलाओं ने पूरे श्रद्धाभाव से व्रत रखकर वर्षों से चली आ रही परंपरा को निभाया।

# निर्माण में की गई अनियमितता को खुद देखने पहुंची कलेक्टर

### झिंझरी, इमलई मॉल छापर टोला में सड़क निर्माण की गुणवत्ता देखी



**डिंडौरी, नवभारत 2 सितंबर।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम झिंझरी और इमलई मॉल छापर टोला से होकर गुजरने वाली है। रोड के निर्माण कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी शिकायत की जानकारी दिए जाने पर कलेक्टर ने निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री, निर्माण कार्य की प्रक्रिया एवं गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों एवं मानकों के अनुरूप कराया जाए तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर सड़क निर्माण से संबंधित उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सिंगल टोला रेलवे फाटक पर पलटा ओवरलोड भारी वाहन

### सड़क पर बड़े और गहरे गड्ढे बने हादसे का कारण



**उमरिया नवभारत 2 सितंबर।** सिंगल टोला रेलवे फाटक के पास बुधवार सुबह लकड़ी के लट्ठों से भरा एक भारी-भरकम वाहन अचानक पलट गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त सड़क की दूसरी ओर कोई दूसरा वाहन मौजूद नहीं था, वरना यह घटना बड़ी जनहानि का कारण बन सकती थी।

घटना ने सड़क की बदहाली और भारी वाहनों के संचालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि रेलवे फाटक के दोनों ओर सड़क पर बड़े-बड़े और गहरे गड्ढे बने हुए हैं। इन्हीं गड्ढों के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ने की बात सामने आ रही है। हालांकि हादसे की एक दूसरी वजह वाहन का ओवरलोड होना भी मानी जा रही है।

**ओवरलोड था वाहन–** स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिक मात्रा में लकड़ी के लट्ठों का परिवहन करने के लिए भारी वाहनों में क्षमता से अधिक वजन लादे जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में सड़क की खराब स्थिति के साथ ओवरलोडिंग का मेल हादसे का कारण बना हो,इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता। हादसे के दौरान दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़क किनारे बने चाय-नाश्ते की गुमटी को भी क्षतिग्रस्त किया है।

**गड्ढों की मरम्मत करने की मांग–**स्थानीय लोगों के अनुसार रेलवे फाटक के आसपास सड़क की हालत लंबे समय से खराब है। गहरे गड्ढों के कारण रोजाना गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढों की मरम्मत और भारी वाहनों की ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में यह लापरवाही किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है।

# ओआईसी ने किया नवाचार प्रयासों का अवलोकन

### पीएम श्री शाउमावि का पांडेय ने किया निरीक्षण



**नवभारत चिल्हारी 2 सितंबर।** जिले की मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम अमरपुर की पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपुर में पीएम श्री एवं सांदीपनि विद्यालय के ओआईसी साईचंद पांडेय द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का पूरे दिन अवलोकन किया गया।अवलोकन के दौरान श्री पांडेय ने कक्षा 6 से 8 एवं बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति, विषय संबंधी समझ तथा अध्ययन में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, जिज्ञासा एवं गतिविधि आधारित सीखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं कक्षा-कक्षों में विद्यार्थियों के लिए किए गए आकर्षक एवं नवाचार प्रयासों का भी अवलोकन किया गया।

**शैक्षणिक अभिलेखों का किया निरीक्षण–**इस अवसर पर कक्षा अवलोकन, शिक्षक डायरी, विद्यालय योजना, स्कूल प्लान सहित विभिन्न शैक्षणिक अभिलेखों का भी निरीक्षण किया गया। श्री पांडेय जी ने शिक्षकों से संवाद कर गुणवत्तापूर्ण एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण को और प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार चतुर्वेदी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# विधायक कप कबड्डी में सीधो पोड़ी टीम विजयी

### विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



**शहपुरा नवभारत 2 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल शहपुरा के शक्ति केंद्र कंचनपुर अंतर्गत बूथ डुण्डी सरई के तत्वावधान में आयोजित विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। मैदान में खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन और मुकाबलों के दौरान दर्शकों की तालियों से माहौल खेलमय बना रहा। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सीधो पोड़ी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विधायक कप अपने नाम किया। वहीं रुसा की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी मौजूद रहे। समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। डुण्डी सरई पहुंचने पर ग्रामवासियों ने विधायक का गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक धुर्वे ने प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विभिन्न मुकाबलों का आनंद लिया। समापन अवसर पर प्रथम विजेता सीधो पोड़ी की टीम को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता रुसा की टीम को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# 1723 ग्रामीणों ने पहुंचकर उठाया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ

### 415 मरीजों को बांटे गए नि :शुल्क चश्मे

**डिंडौरी नवभारत 2 सितंबर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर में आमजन का उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। शिविर में कुल 1723 लोगों का पंजीयन कर विभिन्न स्वास्थ्य जांचों, चिकित्सकीय परामर्श एवं नि:शुल्क उपचार सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में 30 वर्ष से अधिक आयु के 695 पुरुष एवं 535 महिलाएं, 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के 439 युवा, 5 से 18 वर्ष तक के 229 बच्चे तथा 0 से 5 वर्ष तक के 107 छोटे बच्चे शामिल हुए।

शिविर में गैर-संचारी रोगों सहित विभिन्न बीमारियों की पहचान के लिए व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य जांच की गई। 1092 लोगों के रक्तचाप एवं 1092 लोगों के ब्लड शुगर की जांच की गई। इसके साथ ही 457 मरीजों का एक्स-रे, 362 लोगों की खखार जांच तथा 332 अन्य लैब टेस्ट किए गए। 620 लोगों की एनीमिया एवं 192 लोगों की सिकल सेल जांच कर आवश्यक परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

आरोप — नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ और अभद्रता का गंभीर आरोप

# रिटायरमेंट की दहलीज पर खड़े 'गुरुजी' पहुंचे जेल



**नवभारत चिल्हारी 2 सितंबर।** उम्र नौकरी से रिटायरमेंट की दहलीज पर थी, लेकिन आरोप ऐसा कि गुरु पद की गरिमा ही शर्मसार हो गई।

जनपद मानपुर के शासकीय प्राथमिक शाला सुल्तानपुर में पदस्थ सहायक शिक्षक पर छात्राओं से छेड़छाड़ और अभद्रता के गंभीर आरोप लगे हैं। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी शिक्षक को को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, खबर है कि उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

**छात्राओं के साथ कीं आपत्तिजनक हरकतें**

विडंबना देखिए, जिस उम्र में शिक्षक से बच्चों को अनुभव, संस्कार और सुरक्षा की सीख मिलने की उम्मीद होती है, उसी दौर में उन पर नाबालिग छात्राओं के साथ कथित आपत्तिजनक हरकतों के आरोप लगे। जिस स्कूल में गुरुजी को बच्चों के भविष्य की नींव मजबूत करनी थी, वहां उनके आचरण पर ही सवाल खड़े हो गए।

**जांच के बाद शिक्षक को कर दिया था निलंबित**

अतिसंवेदनशील इस मामले में शिकायती प्रपत्र के बाद ही तत्काल शिक्षा विभाग ने जांच कराई और जांच प्रतिवेदन के बाद बिना देर किए शिक्षा विभाग ने 28 अगस्त को थाना इंदवार को एफआईआर की कार्रवाई के लिए पत्र भेज दिया और दूसरी तरफ इसी दिन विभाग ने उक्त शिक्षक को निलंबित भी कर दिया। इधर शिक्षा विभाग के पत्र के बाद सम्बंधित इंदवार पुलिस भी एक्टिव मोड पर आई और 29 अगस्त को एफआईआर दर्ज कर दी।

**पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज**

मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं, एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम और पॉक्सो एक्ट 2012 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है, जिसके बाद से ही ये पूरा मामला सुर्खियों में आ गया। कुल मिलाकर इस संवेदनशील मामले में विभागीय ततपरता और पुलिस की सक्रियता तारीफ के काबिल है।

**शिक्षकों पर ऐसे आरोप झकझोर देते हैं**

रिटायरमेंट की दहलीज पर खड़े शिक्षक के लिए यह कार्रवाई निश्चित तौर पर गंभीर मोड़ है। जिस पद से सम्मान के साथ विदाई की उम्मीद होती है, उसी पद पर रहते हुए अब कानून के कटघरे तक पहुंचने की नौबत आ गई। शिक्षक और छात्राओं के बीच विश्वास का रिश्ता बेहद पवित्र माना जाता है पर शिक्षकों पर इस तरह के आरोप निश्चित ही उस विश्वास को झकझोर देते हैं।

## बलराम कृषि महोत्सव में लगेगी प्रदर्शनी

**डिंडौरी नवभारत।** भगवान बलराम जयंती के अवसर पर बलराम कृषि महोत्सव के अंतर्गत कृषि संबंधी पारंपरिक कला रूपों की प्रस्तुतियों के साथ आधुनिक कृषि उपकरण, बीज एवं प्राकृतिक खेती आधारित प्रदर्शनी तथा संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालयों में मटकी, बांसुरी, जीवंत झांकी एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिताएं तथा बच्चों को श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में तैयार कर विशेष प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। मंदिरों, मठों एवं देवालयों में विशेष श्रृंगार, स्वच्छता अभियान, मटकी सज्जा एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता, भजन-कीर्तन, बांसुरी वादन, दीप प्रज्ज्वलन एवं सामूहिक आरती सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में भगवान बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

# जिला अस्पताल में प्रतिदिन बनेंगे दिव्यांगता प्रमाण पत्र

### दिव्यांगों को बड़ी राहत, जनहित में एक बेहद सुविधाजनक और सराहनीय पहल



**उमरिया नवभारत 2 सितंबर।** जिला अस्पताल में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अब हितग्राहियों को हफ्ते भर का लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। चिकित्सकों एवं मानव संसाधन की कमी के बावजूद सिविल सर्जन डॉ. केसी सोनी ने जनहित में एक बेहद सुविधाजनक और सराहनीय पहल की है।

अस्पताल प्रशासन के इस फैसले के तहत अब जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। इससे पहले तक यह व्यवस्था केवल सप्ताह में एक दिन (प्रत्येक गुरुवार) के लिए ही लागू थी। गुरुवार का दिन तय होने के कारण अस्पताल में जिले भर से आए दिव्यांगों और उनके परिजनों की भारी भीड़ जुटती थी।

**पहले घंटों करना पड़ता था इंतजार**

दूर-दराज के गांवों से आने वाले मरीजों को भीषण गर्मी व ठंड में घंटों कतार में खड़े रहना पड़ता था और कई बार तो दिनभर इंतजार के बाद भी काम नहीं हो पाता था। अब प्रतिदिन प्रमाण पत्र बनने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि अनावश्यक भीड़-भाड़ और लंबी लाइनों की परेशानी से भी हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी।

**इन बीमारियों व समस्याओं के बनेंगे प्रमाण पत्र**

वर्तमान में जिला चिकित्सालय उमरिया में अस्थि बाधित (हड्डी रोग), लकवा तथा सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों व समस्याओं से पीड़ित मरीजों के प्रमाण पत्र जांच के बाद जारी किए जा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा सभी कार्य दिवसों में सुबह कार्यालयीन समय पर उपलब्ध रहेगी, जबकि शासकीय अवकाश के दिनों में यह सेवा बंद रहेगी।

**जिला अस्पताल के उन्नयन के प्रयास जारी : डॉ. सोनी**

सिविल सर्जन डॉ. केसी सोनी ने बताया कि जिला अस्पताल के उन्नयन और मरीजों की सुविधाओं में विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आम जनमानस और जरूरतमंदों से अपील की है कि वे इस नई व्यवस्था की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि जिले के सभी पात्र दिव्यांगजन समय पर इस जनोपयोगी सुविधा का पूरा लाभ उठा सकें।